# आकाषवाणी जयपुर–अजमेर से
# प्रादेषिक समाचार

दिनांक: 10.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बाड़मेर में मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल और बालोतरा में रिफाइनरी साईट का जायजा लिया।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – मध्यम और कम आय वर्ग के लोगों के लिए नई अमृत भारत रेलगाड़ियां जल्द शुरू की जाएगी।
- वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि पेड़ों की अवैध कटाई पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी।
- अजमेर में सूफी संत ख्वाजा साहब का सालाना उर्स सम्पन्न हुआ।

..................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बाडमेर और बालोतरा जिले के दौरे पर रहे। श्री शर्मा ने बाड़मेर के नागाणा गांव में मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल का अवलोकन किया और टर्मिनल की कार्य प्रणाली की जानकारी ली। इससे पहले मुख्यमंत्री ने बालोतरा में रिफाइनरी में निर्माणाधीन साईट का जायजा लिया। उन्होंने नाइट्रोजन प्लांट का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रिफाइनरी के काम की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत भी मौजूद रहे।

..................

जैसलमेर में आज मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस केन्द्र के माध्यम से आमलोगों और संस्थानों की ओर से दान की गई वस्तुओं

को जरूरतमंदों को बांटा जायेगा। उद्‌घाटन अवसर पर कई समाजसेवियों की ओर से गर्म कपडे और कम्बल दान किये गये। इसके अलावा सद्‌भावना केन्द्र पर किताबें, खिलौने सहित अन्य सामान भी लिया जायेगा जिससें जरूरत मंदों की मदद हो सकेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हाल ही में प्रदेशवासियों से इस बारे में अपील भी की थी।

..................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मध्यम और कम आय वर्ग के लोगों के लिए नई अमृत भारत रेलगाडियां जल्द शुरू की जाएंगी। आज चेन्नई में मीडिया से बातचीत के दौरान श्री वैष्णव ने बताया कि ये रेलगाड़ियां गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं देने वाली होंगी।

....................

महिला और बाल विकास मंत्रालय के चिन्तन शिविर की आज उदयपुर में शुरूआत हुई। तीन दिन के इस आयोजन में भाग लेने के लिए देश भर से महिला और बाल विकास मंत्री, सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उदयपुर पहुंचे हैं। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कल इस शिविर का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगी। शिविर में महिलाओं और बच्चों के समेकित विकास और कल्याण से जुड़े बिन्दुओं पर राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा होगी। इसमें मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम मिशन वात्सल्य, शक्ति, पोषण और सक्षम आगंनबाड़ी मिशन पर सत्र भी शामिल हैं।

..................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि प्रवासी भारतीय वैश्विक समुदाय के सामने भारत की सही तस्वीर पेश करते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारतीय प्रवासियों ने चिकित्सा और प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति आज भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए भारतीय प्रवासियों के प्रतिष्ठित सदस्यों को प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान किया।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राजनीति में सफल होने के लिए व्यक्ति में समर्पण, प्रतिबद्धता, अच्छा टीम खिलाड़ी होना और लोगों के लिए उपलब्ध होने वाला चाहिए। श्री मोदी ने यह भी कहा कि उनका मानना है कि अच्छे लोगों को लगातार राजनीति में आना चाहिए। उन्हें केवल महत्वाकांक्षा के लिए नहीं बल्कि एक मिशन के साथ ऐसा करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने प्रमुख उद्यमी निखिल कामथ को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। करीब दो घंटे के साक्षात्कार में श्री मोदी ने अपनी जीवन यात्रा, शिक्षा, राजनीतिक करियर, प्रबंधन कौशल और अन्य पहलुओं पर चर्चा की है।

.................

वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा है कि अवैध खनन को रोकने के सभी प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ ही पेड़ों की अवैध कटाई पर सख्ती से रोक लगायी जाएगी। श्री शर्मा आज भीलवाड़ा में हरित मेले के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के शिकार पर रोक लगाने के लिए भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

..................

झुन्झुनू जिले के सरकारी अस्पतालों में संस्थागत प्रसव की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले साल झुंझुनूं, मलसीसर, बुहाना, मंडावा और सूरजगढ़ ब्लॉक के सरकारी अस्पतालों में निजी अस्पतालों की तुलना में ज्यादा प्रसव करवाए गए।

....................

आज विश्व हिन्दी दिवस है। वैश्विक स्तर पर हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार के लिए यह दिन मनाया जाता है। विश्व हिन्दी दिवस पर पेश है एक रिपोर्ट–

................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी विश्व हिन्दी दिवस पर अपनी शुभकामनाए दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहां है कि, हम सभी को हिन्दी भाषा के वैश्विक प्रचार–प्रसार के लिए काम करना चाहिए जिससे दुनिया भर के लोग हमारी संस्कृति की अच्छाइयों से परिचित हो सके।

...................

अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का सालाना उर्स आज सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही जायरीन लौटना शुरू हो गये हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं ने प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बन्दोवस्त किये गये।

.........................

बीकानेर में आज से अन्तर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव का आगाज हुआ। इसकी शुरूआत हैरिटेज वॉक से हुई। इसमें सजेधजे ऊंटों और बग्घियों का काफिला था। तीन दिन चलने वाले इस उत्सव के तहत कल राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र में ऊंटों की विभिन्न प्रतियोगिताएं होगीं। वहीं राजधानी जयपुर में अलबर्ट हॉल पर पर्यटन विभाग की ओर से आज और कल कल्चरल डायरीज सांस्कृतिक संध्या हो रही है। इसके तहत आज रश्मी रथी नाटक का मंचन किया जा रहा है।

.........................

प्रदेश में कई स्थानों पर कड़ाके की सर्दी का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। दौसा, करौली, सीकर जिले के फतेहपुर और हनुमानगढ़ जिले के संगरिया में शीतलहर का प्रभाव रहा। चूरू, श्रीगंगानगर में भी न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। हनुमानगढ और भरतपुर में सुबह देर तक घना कोहरा छाया रहने के कारण दृश्यता कम रही। विभाग के अनुसार बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में कल हल्की बारिश और कहीं–कहीं ओले गिरने की संभावना है।

.........................